प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने आगामी चुनावों में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए सोशल मीडिया पर कई पहलों और अभियानों की शुरुआत की है। आयोग मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए 'टर्निंग–18' और 'यू आर द वन' अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेनज़ेड सामग्री का उपयोग कर रहा है। टर्निंग–18 अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में युवा मतदाताओं को आकर्षित करना है। इसका उद्देश्य पिछले चुनावों में शहरी और युवा मतदाताओं की उदासीनता के मुद्दों का समाधान करना भी है। 'यू आर द वन' अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से 5 दिवसीय हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। वे आज अपने गृह क्षेत्र हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन से लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। इस दौरान वे यहां कई चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण, युवा सेवा व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कल से हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान कल वे कांगड़ा जिले के जसवां परागपुर विधानसभा क्षेत्र के नंगल में अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इसके अलावा उनका ऊना जिला के गगरेट विधानसभा क्षेत्र में अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन में भाग लेने का भी कार्यक्रम है। अनुराग ठाकुर 10 अप्रैल को हमीरपुर जिले के समीरपुर में विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल भी होंगे।

संजय टंडन

भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी संजय टंडन ने कल भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की और प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक मामलों पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर संजय टंडन ने कहा कि नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और अन्नदाता ये चार स्तंभों से ही देश विकसित और मजबूत किया जा सकता है और इन स्तंभों को लेकर ही केन्द्र की भाजपा सरकार आगे बढ़ रही है। इस अवसर पर शांता कुमार ने कहा कि वह इन चुनावों में लगातार कार्यकर्ताओं के माध्यम से संपर्क में है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भाजपा एक बार फिर लोकसभा चुनाव व उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सभी सीटों पर बड़ी जीत दर्ज करेगी।

पोलियो अभियान

किन्नौर जिले में पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के तहत खुराक से वंचित रहे बच्चों को आज व कल घर–घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा खुराक पिलाई जाएगी। इससे पहले कल 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई गई। उपायुक्त अमित कुमार शर्मा व कल्पा के एस.डी.एम शशांक गुप्ता ने रिकागंपिओ में बच्चों को पोलियो बूंद पिलाकर अभियान की शुरूआत की। उपायुक्त ने कहा कि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे इसके लिए जिले में करीब 4 हजार 6 सौ बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य है।

<u>एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....</u>

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–सुधीर ने दी सीएम के खिलाफ एफआईआर करने की शिकायत–15–15 करोड़ में बिकने के सीएम के बयान पर डीजीपी और एसपी कांगड़ा से कार्रवाई की गुहार। पंजाब केसरी का शीर्षक है–तीनों निर्दलीय विधायक 10 को देंगे नोटिस का जवाब–विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय पर रहेगी सभी की नजर।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के बयान को सुर्खी दी है–कांग्रेस के घोषणा पत्र में देश को पीछे धकेलने का एजेंडा। इसी समाचार पत्र के अनुसार–मंडी सीट पर कंगना के खिलाफ विक्रमादित्य को उतारेगी कांग्रेस।

दिव्य हिमाचल ने हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के हवाले से लिखा है–लोकसभा चुनाव में होगी सत्य की जीत। जबकि हिमाचल दस्तक का कहना है–हिमाचल की जनता हमारी साथ देगी और जीत सत्य की ही होगी।

अमर उजाला और आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को शीर्षक दिया है–भाजपा की धन बल की राजनीति को हराने के लिए एकजुट।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–वाटरसेस मामले में हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती।

केंद्रीय विद्यालय में सीटें घटीं–अब हर क्लास में 40 की जगह 32–32 छात्र ही होंगे शीर्षक से खबर को दिव्य हिमाचल ने प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर लिखता है– चैत्र नवरात्र कल से–17 को नवमी, शक्तिपीठों में श्रद्धालु सुबह 5 से रात 10 बजे तक कर सकेंगे दर्शन, नारियल व कड़ाह प्रसाद चढ़ाने पर रहेगा प्रतिबंध।

ऊना जिला में हुए अलग–अलग हादसों से जुड़ी खबर को भी समाचार पत्रों ने सचित्र प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है–औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल में पलटने के बाद तेल टैंकर में आग, स्कूटी सवार की मौत। अमर उजाला के अनुसार–ऊना के रायपुर सहोड़ा में तीन बच्चों की तालाब में डूबने से गई जान।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–हिमाचल में 10 से 13 अप्रैल तक अंधड़–बारिश का अलर्ट। पंजाब केसरी के मुताबिक–रोहतांग सहित चोटियों पर हिमपात, 10 से बिगड़ेगा मौसम। दैनिक भास्कर ने लिखा है–पहाड़ों में बर्फबारी, मैदानों में बारिश, 10 को येलो अलर्ट।